अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 16 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2082

**PAGE NO: 09 TOP**

# महिलाओं के लिए नर्सिंग यूनिट का उद्घाटन



एसआरएमएस में नर्सिंग यूनिट का उद्घाटन। स्रोत : संस्थान

बरेली। लेडीज सर्कल इंडिया की राष्ट्रीय पहल प्रोजेक्ट आयुष्मान के तहत सोमवार को बरेली लेडीज सर्कल 145 और बरेली राउंड टेबल 45 ने संयुक्त रूप से एसआरएमएस अस्पताल में नर्सिंग यूनिट की स्थापना की। उद्घाटन चार्टर चेयरपर्सन स्क्वॉड लेग रिचा मूर्ति और आदित्य मूर्ति ने किया। यूनिट में माताओं को सुरक्षित, स्वच्छ, गोपनीय स्थान मिलेगा जहां वे बच्चों को स्तनपान करवा सकें। यह महिला सशक्तीकरण और मातृत्व सम्मान की दिशा में एक अहम कदम है। यहां बरेली लेडीज सर्कल 145 की चेयरपर्सन आस्था गोयल, राउंड टेबल 45 के चेयरमैन आयुष अग्रवाल, एरिया चेयरमैन निकिल अग्रवाल, एरिया सेक्रेटरी एवं एरिया प्रोजेक्ट कन्वीनर अनुश्री अग्रवाल मौजूद रहीं। ब्यूरो